सार-समाचार

जनाक्रोश यात्रा का किया स्वागत

बांसवाड़, (निसं)। भाजपा द्वारा निकाली जा रही जनाक्रोश यात्रा का बांसवाडा विधानसभा क्षेत्र के पंचायत छोटी सरवन के जहांपुरा, मकनपुरा, कुंडल, घोडी तेजपुर, गागरवा, खजूरी, कालाखेत, मुलिया, कटुम्बी, दनाक्षरी, कोटडा, बारी में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने रथ में मौजूद शिकायत पेटी में अपनी शिकायतें भी डाली। विधानसभा क्षेत्र संयोजक मनोहर पटेल, सहसंयोजक जनजाति मोर्चे के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हकरु मईडा, जनजाति मोर्चे के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला परिषद् सदस्य राजेश कटारा, जिला महामंत्री मुकेश रावत, पूर्व राज्यमंत्री धनसिंह रावत व दलीचंद मईडा, पूर्व प्रधान धीरजमल गणावा, परमेश्वर मईडा, विस्तारक भैरूलाल आदि ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस नेताओं द्वारा किये गये वायदों की याद दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस ने जनता से छल किया है जिसका जवाब चुनाव में देना है। सभा को सरदार पारगी, मंडल अध्यक्ष अर्जुन मईडा, महामंत्री प्रेमसिंह, सोहनलाल निनामा आदि ने संबोधित किया। इधर कुशलगढ में जिला संयोजक ओम पालीवाल के सानिध्य में जनाक्रोश यात्रा टिमेडा बडा व छोटा, झिकली, बाकानेर, बडवास बडी आदि स्थानों पर पहुंची जहां चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला संयोजक ओम पालीवाल ने कहा कि पिछले चार सालों में जनता को गोलीकांड, अत्याचार, अन्याय और भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को कमल खिलाने का संकल्प लेना होगा। पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर ने कहा कि क्षेत्र की जनता अपने को ठगा सा महसूस कर रही है।

डीपीसी प्रक्रिया पर जताया आभार

मावली, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के प्रदेश महामंत्री सुरेश कुमार देशबंधु ने बताया कि विगत 2 वर्षों से लंबित उदयपुर संभाग की तृतीय श्रेणी से वरिष्ठ अध्यापक की विज्ञान गणित की डीपीसी के लिए माध्यमिक एवं प्रारंभिक निदेशक बीकानेर एवं शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिससे विगत 2 वर्षों से लंबित उदयपुर संभाग की तृतीय श्रेणी से वरिष्ठ अध्यापक की गणित विज्ञान डीएसपी की डीपीसी के लिए संयुक्त विधि परामर्शी माध्यमिक शिक्षा बीकानेर ने संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा को आदेश जारी कर दिए हैं राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के प्रदेश महामंत्री सुरेश कुमार देशबंधू ने कहा कि उक्त डीपीसी का मामला पिछले 2 वर्षों से न्यायालय में अटका हुआ था जिस पर विगत 27 जुलाई को उच्च न्यायालय जोधपुर की एकल पीठ के निर्णय पश्चात 4 माह से बीकानेर में विभाग की स्वीकृति के लिए फाइल लंबीत थी संभाग के टीएसपी क्षेत्र की डीपीसी प्रक्रिया से जल्द ही विद्यालय को विज्ञान और गणित के वरिष्ठ अध्यापक मिलने की संभावना है इससे विद्यालयों में रिक्त पदों की समस्या का निदान होगा साथ ही विद्यार्थियों को राहत मिलेगी राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर ने आभार व्यक्त किया है।

आयुर्वेद चिकित्सा शिविर 14 दिसंबर से

भीम, (निसं)। आयुर्वेद विभाग राजसमंद एवं जय आनन्द जन परमार्थ संस्थान नंदावट के संयुक्त तत्वावधान में श्री बाबुलाल , अशोक कुमार जी रांका परिवार बैंगलोर के सहयोग से विशाल निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा उप निदेशक आयुर्वेद विभाग राजसमंद डॉ मुखत्यार सिंह ने बताया कि शिविर में अर्श (मस्सा) भगंदर (बवासीर) फिशर गुदमार्ग से खून आना जलन होना आदि बीमारियों का इलाज आयुर्वेद चिकित्सा की क्षारसूत्र पद्धित के शल्य विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा तथा आमवत जोडों का दर्द लकवा आदि बीमारियों का इलाज पंचकर्म चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा शिविर प्रभारी डॉ कृपा सन्त ने बताया कि शिविर में अग्निकर्म,जलोका, आयुर्वेद न्यूरो पद्धित से गंभीर बीमारियों का इलाज किया जाएगा शिविर में कास, श्वास, स्त्रीरोग, मधुमेह, मूत्ररोग, उदररोग प्रतिश्याय आदि बीमारियों का इलाज निशुल्क किया जाएगा ।

पोस्टर का विमोचन

बांसवाड़ा, (निसं)। खांदू कॉलोनी दिगम्बर जैन मंदिर में श्री सम्मेद शिखर बचाओ आंदोलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। समाजजनों ने बताया कि जैनों के तीर्थ श्री सम्मेद शिखर को केन्द्रीय वन मंत्रालय व झारखंड सरकार ने पर्यटन क्षेत्र घोषित कर दिया हैं जिसके कारण श्री सम्मेद शिखर तीर्थ क्षेत्र पर गैर धार्मिक गतिविधियों को बढावा मिल रहा हैं। जिसके विरोध में 11 दिसंबर को विश्व जैन संगठन के तत्वावधान में दिल्ली के रामलीला मैदान में संतों के सानिध्य में धर्म सभा होगी एवं विरोध रैली निकाली जायेगी। जिसके समर्थन में जिला मुख्यालय के कुशलबाग मैदान में 11 दिसंबर को प्रात: 11 बजे विरोध सभा व महारैली का आयोजन किया गया है। इसके लिये विश्व जैन संगठन के राज्य प्रभारी भरत गांधी एवं विपिन पंचोरी ने 2 अगस्त 2०19 को जारी गजट व बढती गैर धार्मिक गतिविधियों व पेडों के अवैध कटाई व पत्थरों के अवैध खनन की जानकारी दी। सभा में श्रीपाल मेघावत, नरेन्द्र रजावत, पवन सुन्द्रावत, अशोक घुघरावत, रमेश पंचोरी, अरुण मालविया, जिनेन्द्र पंचोरी, मनोज पंचोरी, शैलेन्द्र पंचोरी, मांगीलाल जगीसोत, प्रकाश सिंघवी, निर्मल सुन्द्रावत, अभय पंचोरी सहित खान्दु कॉलोनी जैन समाजजनों ने भाग लिया।

रेल्वे सुरक्षा बल की बैठक सम्पन्न

डूंगरपुर, (निसं)। रेल्वे सुरक्षा बल डूंगरपुर एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन एवं सृष्टि सेवा समिति, बाल कल्याण समिति एवं राजकीय रेल्वे पुलिस डूंगरपुर की संयुक्त बैठक रेल्वे स्टेशन डूंगरपुर पर रेल्वे सुरक्षा बल के कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में रेल्वे स्टेशन पर बालकों की सुरक्षा हेतु एवं बाल तस्करी की रोकथाम हेतु गुजरात बाल मजदूरी के पलायन की रोकथाम हेतु चर्चा की गई और जिला कलक्टर को रेलवे स्टेशन पर बालकों की सुरक्षा के लिए चाइल्ड लाइन का एक हेल्प डेस्क बुथ लगवाने का प्रस्ताव देने एवं एक हेल्प डेस्क बोर्ड लगवाने और बाल तस्करी की रोकथाम के लिए एक मॉक ड्रिल करने हेतु बैठक में चर्चा की गई।

'योजनाओं के क्रियान्वन में जन प्रतिनिधियों की अहम भूमिका'

डूंगरपुर, (निसं)। दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत जेंडर जागरूकता अभियान पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई, जिसमे स्वायत्त शासन विभाग जयपुर की स्टेट मिशन मैनेजर संध्या भंडारी एवं मनमोहन शर्मा ने कार्यशाला को संबोधित किया तथा कहां कि जेंडर

■ **आजीविका मिशन की कार्यशाला में लाभार्थियों को बांटी ऋण राशि**

के आधार पर होने वाले भेदभाव को खत्म कर सभी के लिए समान अधिकार एवं अवसर उपलब्ध उसके लिए सभी को प्रयास करना होगा।

इस अवसर पर नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ ने कार्यशाला में महिला एवं पुरुषों में एक समानता की बात कही तथा महिलाएं भी किसी भी क्षेत्र में आज कम नहीं है यह सब के लिए गौरव और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र की

जेंडर जागरूकता अभियान पर आयोजित कार्यशाला को डूंगरपुर नगरपरिषद सभापति कलासुआ (बायें से तीसरे) ने सम्बोधित किया।

योजनाओं के सफल क्रियान्वन में जन प्रतिनिधियों की अहम भूमिका रहती है जन प्रतिनिधियों को योजनाओ की जानकारी प्रदान कर शहर के जररतमंद परिवारों को लाभान्वित करे।

कार्यशाला में इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को 50,000-50,000 की ऋण राशि वितरण की गई। कार्यशाला में दोनो स्टेट मिशन मैनेजर के द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना एवं पीएम निधि योजना के अंतर्गत जिले में कार्यरत जिला मिशन प्रबंधक एवं कम्युनिटी ऑर्गेनाइजेशन के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की तथा विभिन्न घटकों में अपेक्षित शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करने की कार्ययोजना बनाई गई तथा जल्द से जल्द लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु आदेशित किया गया। कार्यशाला में राजस्थान बाल कल्याण समिति के मनोज गौड, आजीविका मिशन नगरपरिषद के हर्षवर्धन सिंह, मलय पंड्या, सारिका यादव, शशांक श्रीमाल और महिला स्वयं सहायता समूह की मातृ शक्ति मौजूद रही।

पीएचसी का निरीक्षण किया

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री ने शुक्रवार को राजकीय आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुनाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हाजिरी रजिस्टर को देखकर कार्मिकों की जानकारी ली।

उन्होंने पीएचसी में मुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच योजना एवं नि:शुल्क दवा योजनाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। साथ ही उन्होंने समय-समय पर सभी रजिस्टर संधारण करने के निर्देश प्रदान किये है। जिला कलक्टर मंत्री ने कम्प्यूटर ऑपरेटर से ऑनलाईन पर्ची अपलोड होने की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। साथ ही उन्होंने समय-समय पर सभी पर्चियों को ऑनलाईन अपलोड करने के निर्देश प्रदान किये है।

ओबीसी आरक्षण विसंगति दूर करने पर जताया आभार

राजसमन्द, (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा अन्य पिछडा वर्ग के आरक्षण सम्बंधी विसंगति को दूर करके जारी संशोधित आदेश को पारित करने पर कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नानालाल सार्दुल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभाध्यक्ष डॉ सीपी जोशी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड, पूर्व जिला प्रमुख नारायणसिंह भाटी, पूर्व जिलाध्यक्ष देवकीनंदन गुर्जर सहित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया हैं।

सार्दुल ने बताया कि ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव एवं नेशनल कोर्डीनेटर राजेन्द्र सेन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से अन्य पिछडा वर्ग के आरक्षण को लेकर पूर्व सैनिको के साथ जो कमिया थी उनको यथाशीघ्र दूरस्त करते हुए अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को संविधान द्वारा प्रदत हक दिलवाने के लिए ज्ञापन प्रस्तुत किया था। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जानबुझकर दो वर्गो के बीच वैमनस्य बढाने के उदेश्य से अन्य पिछडा वर्ग के आरक्षण में से ही पूर्व सैनिको को भी आरक्षण देने का आदेश पारित कर दोनो वर्गों के बीच असमंजस की स्थिति पैदा कर दी गई थी। जबकी पूर्व सैनिको को अलग से आरक्षण का प्रावधान हैं, इस पर अन्य पिछडा वर्ग के युवाओं में जबरदस्त आक्रोश था और वो अनेक बार धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज करवा चुके थे। सार्दुल ने बताया कि युवाओ की मांग से सरकार को अवगत करवाते हुए भाजपा सरकार द्वारा थोपे गए आदेश को रद्द करने का आग्रह किया था। यह हर्ष का विषय हैं कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए भाजपा सरकार द्वारा जारी विसंगतिपूर्ण आदेश को निरस्त कर 7 दिसम्बर 2०22 को नोटिफिकेशन जारी कर तुरन्त प्रभाव से अन्य पिछडा वर्ग के लिये 21 प्रतिशत आरक्षण का पूर्व अनुसार प्रावधान कर दिया है।

बैठक सम्पन्न

राजसमन्द, (निसं)। बृजवासी गौरवा (ठाकुर) पंचायत कांकरोली की कार्यकारिणी और समाज के युवाओं की सामुहिक बैठक शुक्रवार को कांकरोली स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। जिसमें सभी विकास मुद्दे पर विस्तृत चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय प्रस्ताव पारित किए। वहीं पिछले दिनों मोही रोड स्थित भूखण्ड क्रय किया गया तथा एसबीआई बैंक शाखा कांकरोली में 49529 व दी उदयपुर सेन्ट्रल को ऑपरेटिव बैंक लि. शाखा कांकरोली में 6, ०9,951 करने का ब्यौरा बैठक में दिया गया। साथ ही समाज संगठन मजबूत करने के लिए समाज के समस्त युवाओं को जोडने पर चर्चा की। बैठक में समाज के रजिस्ट्रेशन के लिए अपनी ओर से बृजवासी गौरवा ठाकुर पंचायत कांकरोली का नाम दिया गया। जिसे कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर रजिस्ट्रेशन शीघ्र कराने पर बल दिया गया। सचिव राजकुमार गौरवा ने आर्थिक आधार पर ओबीसी में पूर्व में हुई कार्यवाही से अवगत कराया।

पुजारी दंपती को जलाने के मामले में आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

देवगढ़, (निसं)। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत दिनो देवगढ़ थाना क्षेत्र के हीरा की बस्सी क्षेत्र में पुजारी दंपत्ति को जलाने की हुई घटना के मामले में पीपली नगर वेर निवासी एक आरोपी दिनेश सिंह पिता पन्ना सिंह (23)को पीपली नगर वेर के जंगलों से डिटेन किया गया था।

जानकारी के अनुसार गत दिनों देवगढ़ थाना क्षेत्र के हीरा की बस्सी गांव में हाईवे के निकट बने मकान में मंदिर की जमीन के मामले में पुजारी दंपत्ति को पेट्रोल बम डालकर जलाने के मामले में देवगढ़ थाना अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम को गुरुवार सफलता मिली जिसमें पीपली नगर वेर निवासी आरोपी दिनेश सिंह पिता पन्ना सिंह उम्र 23 वर्ष को पिपली नगर वेर के निकट जंगलों से डिटेन किया गया था। ज्ञात रहे कि पुजारी दंपत्ति को जलाने के मामले में अब तक 11 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं इस घटनाक्रम

देवगढ़ थाना पुलिस ने पुजारी दंपती के साथ आगजनी के मामले में आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया।

में पीड़ित पुजारी नवरत्न लाल की उदयपुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो चुकी है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशन में उक्त मामले में कार्यवाही कर रहे जांच अधिकारी बेनी प्रसाद मीणा के निर्देशन में देवगढ़ कार्यवाहक थाना प्रभारी प्रताप सिंह के नेतृत्व में दिलीप सिंह हेड कांस्टेबल, शिव दर्शन सिंह, मदन सिंह, सुरेश कुमार, गुलजार सिंह, ज्वाला सिंह शेखावत सहित पुलिस जाब्ता ने कड़ी मशक्कत करके आरोपी को गिरफ्तार किया।

सार-समाचार

वैष्णवी का नीट में चयन

भीम, (निसं)। कस्बे के इंदिरा कॉलोनी निवासी एक मेधावी छात्रा का नीट में चयन हुआ है शुक्रवार को सरपंच यशोदा कवर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर सिंह रावत वार्ड पंच एडवोकेट लता सिंघानिया दुर्गाप्रसाद सिंघानिया चुन्नी लाल रेगर उदयराम आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया जानकारी के अनुसार वैष्णवी कुमारी पुत्री महेंद्र कुमार सिवासिया निवासी इंदिरा कॉलोनी भीम का नीटऑनलाइन काउंसलिंग में एमबीबीएस हेतु चयन हुआ है तथा एसीएसआर राजकीय मेडिकल कॉलेज आंध्र प्रदेश हेतु चयन हुआ है जिससे परिवारजनों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर है वैष्णवी ने बताया कि वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को देती है इस अवसर पर केला राम रेगर नारायण लाल बलदेव किरण कुमार शांतादेवी पूनम सुप्रिया आदि मौजूद थे।

साहित्यकार सम्मेलन आज से

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर एवं वागड विभा साहित्य एवं कला संस्थान डूंगरपुर के साझा तत्वावधान में दो दिवसीय जिला साहित्यकार सम्मेलन शनिवार से प. दीनदयाल उपाध्याय भवन दशहरा मैदान में आयोजित होगा। 1० दिसंबर, शनिवार को मध्यान्ह 12.15 बजे से उद्घाटन सत्र प्रारंभ होगा। मुख्य अतिथि अजा वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष डा.शंकर यादव रहेंगे। अध्यक्षता राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के अध्यक्ष डा. दुलाराम सहारण करेंगे। सभापति अमृत कलासुआ अति विशिष्ठ अतिथि होंगें। वरिष्ठ साहित्यकार डा. जयप्रकाश ज्योतिपुंज, उपेंद्र अणु एवं वरिष्ठ कहानीकार दिनेश पंचाल बतौर विशिष्ठ अतिथि मौजूद रहेंगे। उद्घाटन सत्र का संचालन ऋषि दवे करेंगे। सम्मेलन को सफल बनाने साहित्य अकादमी उदयपुर के सचिव डा. बसंत सिंह सोलंकी एवं वागड विभा डूंगरपुर के अध्यक्ष राजकुमार कंसारा तैयारियों में जुटे है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के बाद राजस्थान साहित्य अकादमी की पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा। जिला साहित्यकार सम्मेलन के पहले दिन शनिवार को उद्घाटन सत्र के बाद दो तकनीकी सत्र होंगे। पहले सत्र में मध्यान्ह 3.15 से 4.15 बजे तक हिंदी की समृद्धि में लोकभाषा के योगदान विषय पर चर्चा होगी। अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार हेमंत शर्मा करेंगे। मुख्य अतिथि रंगकर्मी एवं सदस्य उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज सतीश आचार्य रहेंगे।

7 दिन से लापता युवक का शव मिला

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के सदर थाना क्षेत्र के वाजेडा गांव में पानी के नाले में एक व्यक्ति का औंधे मुहं गिरा शव मिला। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल में के मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने मृत व्यक्ति की पहचान साबली फला कटारा निवासी मुकेश पुत्र कन्हैयालाल कटारा के रूप में की। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखकर इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलने पर शुक्रवार को मृतक के परिजनों एवं ग्रामीण सदर थाना पहुंची तथा मुकेश कटारा की हत्या का अंदेशा जताते हुए पुलिस को नामजद रिपोर्ट सौपी। मृतक के पिता कन्हैयालाल जीवा कटारा ने रिपोर्ट में बताया कि एक दिसंबर को जीजा और मुकेश दोनों जीजा के काका गटू पुत्र लालजी रोत के लडके अमृत की मेहमान गए हुए थे। जिसके बाद से मुकेश का कोई अतापता नहीं मिला। जिसपर परिजनों ने 5 दिसंबर को सदर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बीते दिने जीजा के भाई के मकान के 1०० मीटर की दूरी पर एनिकट में मुकेश का शव मिला। जिसके मुंह एवं एसिड या कोई केमिकल पदार्थ डाल कर जला दिया है मुकेश के गर्दन में चाकू का गहारा घाव नजर आ रहा है। मृतक पिता कन्हैयालाल ने मुकेश की हत्या का अंदेशा जताते हुए करीब चार लोगें के नाम सहित 8 से 10 अन्य लोगों के खिलाफ हत्या करने की आरोप लगाते हुए लिखित रिपोर्ट सौंपी। आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

प्रेमराज बने अध्यक्ष

भीण्डर, (निसं)। युवा जनता सेना के वाणियातलाई मण्डल के सवना इकाई का गठन जनता सेना राजस्थान संरक्षक व पूर्व विधायक रणधीरसिंह भीण्डर एवं युवा जनता सेना प्रदेशाध्यक्ष रमेश डांगी के निर्देशानुसार किया गया। वाणियातलाई युवा जनता सेना मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मियावत ने बताया कि सवना इकाई में अध्यक्ष पद पर प्रेमराज मीणा आलूखेडा को निर्वाचित किया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर कैलाश चौधरी खानातालाब, गोपाल रावत लखमेला, नरेन्द्र सिंह राणावत निचला सेमलिया, लालुराम मीणा आलूखेडा, लोगर रावत देवराफला, महामंत्री पद पर सुरेन्द्रसिंह शक्तावत खानातालाब, प्रकाश रावत पनवा, मंत्री पद पर लिम्बाराम रावत रामेला, होमा रावत उपला सेमलिया, बहादुर सवना, विक्रम चौधरी आलूखेडा, फतहलाल रावत रामेला, बंशीलाल रावत सवना, कोषाध्यक्ष उदयलाल मीणा सुन्दरपुरा, कार्यालय सचिव गणेशलाल, खानातालाब, मीडिया प्रभारी उदयलाल लौहार खानातालाब, कार्यक्रम प्रभारी ऊंकार रावत भादवीवेला आदि को मनोनीत किया गया।

जन आक्रोश यात्रा बिलडी पहुंची

डूंगरपुर, (निसं)। जन आक्रोश यात्रा विधानसभा डूंगरपुर के ग्रामीण मंडल डूंगरपुर के माथुगामडा पाल रवाना होकर पिपलादा गडामोरैया, खेमारू, खेडा कच्छवासा, ऊपरगांव, उन्दरडा, भाटडा, सिदडी खेरवाडा, पगारा होती हुई बिलडी पहुंची जहां रात्रि विश्राम होगा। माथुगामडा पाल, खेडा कच्छवासा, गडामोरैया की सभा में जनाक्रोश यात्रा यात्रा के लोगों ने लूटपाट, पत्थरबाजी,बिजली की कटौती, बिजली के बिलों में भारी बढोतरी, महिला अत्याचार, बेरोजगारों के साथ में अन्याय,संविदा कर्मियों को स्थाई नहीं करना, आंगनवाडी कर्मियों के साथ अन्याय जैसे ज्वलंत मुद्दों पर जनता में भारी आक्रोश है।

कलेक्टर ने प्रतिध्वनि संस्थान की गतिविधियों को सराहा

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला कलेक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा ने प्रतिध्वनि संस्थान का अवलोकन करते हुए वहां चल रही गतिविधियों पर संस्थान निदेशक डॉ. निधि जैन के कार्यों को सराहा। कलक्टर ने संस्थान द्वारा सिलाई, कढाई एवं अन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं एवं महिलाओं से चर्चा की।

उन्होंने जैन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों को सराहा। जैन ने बताया कि संस्थान की ओर से 4 हजार से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं को सिलाई प्रशिक्षण दिया गया है जिनमें से 1 हजार से अधिक ने सिलाई को अपना आजीविका का साधन बना लिया है। प्रशिक्षण और मशीन प्राप्त करने वाली अधिकांश महिलाएं जनजाति वर्ग की है। इस अवसर पर तहसीलदार विरेन्द्र सिंह राठौड, प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य हंसमुखलाल सेठ, जिला आयोजना समिति सदस्य रजनीकांत खाबिया आदि मौजूद रहे। कलक्टर शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को नियमित रुप से समाचार पत्र पढने के लिये

प्रतिध्वनि संस्थान की निदेशक निधि जैन (दायें) ने कलेक्टर, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को संस्थान के क्रियाकलापों से अवगत कराया।

प्रेरित किया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि उत्पाद के साथ-साथ बाजार भी ढूंढना चाहिए ताकि उत्पादों की अधिक से अधिक बिक्री हो सके। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं से चर्चा करते हुए भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हंसमुखलाल सेठ ने कहा कि संस्थान निदेशक निधि जैन का समर्पण भाव स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं के लिये वरदान बन गया है। जिला आयोजन समिति सदस्य रजनीकांत खाबिया ने कहा कि संस्थान की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। तहसीलदार विरेन्द्र सिंह राठौड ने कहा कि घर बैठे रोजगार का साधन मुहैया कराने से क्षेत्र के विकास में भी महिलाएं एवं बालिकाएं भागीदार बनेंगी।

हादसे में दो की मौत, एक घायल

मंडफिया, (निसं)। मंडफिया थाना क्षेत्र के समीपवर्ती गांव रदई खेड़ा में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने आए युवक एवं परिवार के नाबालिग की गुरुवार को स्कूटी से हुई दुर्घटना में मृत्यु हो गई जबकि एक नाबालिग गंभीर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रदई खेड़ा गांव में कालूनाथ के घर पर विवाह समारोह था।

गुजरात में कालूनाथ के लड़के के साथ काम करने वाला उसका मित्र दिनेश शर्मा भी शादी में भाग लेने के लिए आया हुआ था, शादी के काम के दौरान दिनेश शर्मा पिता जमुना दास शर्मा आयु 24 वर्ष निवासी गुजरात जोकि स्कूटी पर राकेश पिता नारायण नाथ निवासी रदई खेड़ा आयु 10 वर्ष एवं जैनेंद्र उर्फ जानू पिता पुष्कर नाथ आयु 15 वर्ष निवासी रदई खेड़ा को साथ लेकर किसी काम से सांवलियाजी आया था। सांवलियाजी में काम करके वापस रदई खेड़ा लौटते समय स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई जिससे एक 10 वर्षीय नाबालिग बच्चे की मौके पर ही मृत्यु हो गई एवं एक 15 वर्षीय नाबालिग तथा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में लोगों को दुर्घटना का पता पड़ने पर लोग मौके पर पहुंचे ।

दो दिवसीय कृषि प्रसार कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित कृषि प्रसार कार्यकर्ता आवासीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

राजसमन्द, (निसं)। कृषि विज्ञान केन्द्र महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से दो दिवसीय कृषि प्रसार कार्यकर्ता आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. पीसी रैगर ने बताया कि कार्यक्रम में कृषि विभाग देवगढ तथा नाथद्वारा कलस्टर के 28 पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। डॉ. रैगर ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिणार्थियों को वर्मीकम्पोष्ट, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, दुधारु पशुओं का वैज्ञानिक प्रबन्धन, किसान उत्पादन संगठनय एफपीओ के गठन एवं कार्य योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान प्रारम्भ में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केन्द्र अध्यक्ष डॉ. रैगर ने सभी अतिथियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत उद्बोधन करते हुए बताया कि किसानो एवं कृषि वैज्ञानिको के बीच की योजक कडी है कृषि प्रसार कार्यकर्ता एवं केन्द्र की विभिन्न गतिविधियों एवं योजनायों की जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दोरान नाबार्डए राजसमन्द की जिला प्रंबन्धक वसुन्धरा ने किसान उत्पादन संगठन के गठन एवं कार्य याजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं कृषि विभाग उप निदेशक कैलाशचन्द्र मेधवंशी ने कृषि विभाग की विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. मनीराम ने वर्मी कम्पोष्ट उत्पादन तकनीक, प्राकृतिक खेती के बारे में बताया।